हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

04 एक घंटे की झमाझम बारिश से बैतूल तरबतर...



08 बस की टक्कर से बाइक सवार परिवार के चार की मौत...





## खबर संक्षेप

### विकसित भारत क्विज स्पर्धा 15 अक्टूबर तक

**नर्मदापुरम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 के अंतर्गत विकसित भारत क्विज़ का शुभारंभ माई भारत पोर्टल के माध्यम से किया है। इस क्विज़ का उद्देश्य युवाओं को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सक्रिय रूप से जोड़ना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह क्विज बारह भाषाओं में उपलब्ध है तथा भारत की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं से संबंधित ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

### 4 लाख से अधिक लोगों को मिले बिजली कनेक्शन

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विगत जुलाई से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल के कनेक्शन दिए गए हैं।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा को किया संबोधित

# राहुल गांधी के चुनाव आयोग से वोट चोरी के सवाल का जवाब दे रही है भाजपाः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में किसानों की समस्याओं और राहुल गांधी के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को केंद्रबिंदु में रखकर किसान खेत न्याय यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शामिल होने मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे। पटवारी का इटारसी आगमन होने पर शहर में भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इसके बाद द्वारिकाधीश मंदिर स्थित तुलसी चौक पर आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा के मंच से केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार पर तीखे हमले किए गए। सभा में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है।

शुक्रवार को जिले के इटारसी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किसान न्याय यात्रा आगवानी की। इस दौरान मंच उन्होंने सरकार से अनेक सवाल भी किये।



#### पटवारी बोले- लोकतंत्र और संविधान खतरे में

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंच से जनता को तवज्जो दी और कहा कि जो जनता सामने बैठी है वो सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। अब मोदी, चुनाव आयोग, जनता की वोट चोरी करा रहे है। राहुल गांधी चुनाव आयोग से सवाल पूछ रहे है तो वोट चोरी पर मगर जवाब देने भाजपा सामने आ रही है। इन स्थितियों को समझते हुए कांग्रेस को मजबूत करना है। जीतू पटवारी ने मंच से नारे भी लगवाए।

**मंच पर दिखी गुटबाजी की परछाई**

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की सभा के लिए बनाए गए मंच गुटबाजी की छाया अलग नजर आई। मंच पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल से जुड़े लोगों की उपस्थिति ज्यादा दिखाई दी। किसानों से जुड़ी यात्रा के बावजूद जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबू चौधरी मंच पर जगह नहीं मिली। वहीं नपा के कथित भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा करने वाले चेहरे भी मंच के आसपास नजर नहीं आए। कई चेहरों की मंच से गैरमौजूदगी ने शहर में नई चर्चा को हवा दे दी है हालांकि कांग्रेस सबके एकजुट होने के दावे दोहरा रही है।

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाए अनेक मुद्दे, मंच से सरकार से किए कई सवाल

सभा में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। जिनमें स्मार्ट मीटरों का विरोध, व्यापारियों पर टैक्स वृद्धि, सोमवारा बाजार जैसे अनेक मुद्दे शामिल हैं। नर्मदापुरम जिले में किसानों के सामने में खाद की समस्या बड़ी है जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सहयोग आवश्यक है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने कहा कि वर्ष 2027 में जिले में नई कांग्रेस दिखाई देगी। हम सभी नगरपालिकाएं जीतेंगे। कांग्रेस अभी से ही पूरी ताकत से सक्रियता से जनता के बीच जाकर अपनी बात रखेंगी। पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने कहा कि वोट चोरी सब जगह हो रही है। नर्मदापुरम जिला भी इससे बचा नहीं है। यहां भी वोटर लिस्ट की जांच होना चाहिए।

## पुलिस टीम की कार्रवाई, अवैध देशी-विदेश मदिरा की गई जब्त

### आरोपी ने छिपाकर रखी थी अवैध मदिरा की खेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में देहात थाना पुलिस अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए हुए है। गुरुवार शाम को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर श्याम ठाकुर के घर पर छापा मारा और भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की टीम ने गुरुवार शाम आरोपी श्याम ठाकुर के घर नर्मदा इंफ्राटेक कॉलोनी, प्लॉट नंबर 12 में दबिश दी। दबिश के दौरान घर के अंदर अलग-अलग कार्टूनों में छुपाकर रखी गई 47 हजार से अधिक की देसी और विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई।

इस कार्रवाई में देहात थाना एसआई मोनिका गौर और एसआई धर्मेंद्र वर्मा शामिल रहे। आरोपी श्याम ठाकुर को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार किया गया है। उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, श्याम ठाकुर नर्मदापुरम का पुराना शराब माफिया है, जो पहले भी महिला जेल के पास अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा गया था।



हाल ही में वह अपने घर और मोहल्ले की एक दुकान से खुलेआम शराब बेच रहा था।

इस दौरान पकड़े गए आरोपियों में अजय जाटव, निवासी बुधवाड़ा, विशाल जाटव, निवासी आदर्श नगर, मंशाराम अहिरवार, अजय कहार, माया बाई, निवासी आवास कॉलोनी, अर्पित उर्फ भोला गोस्वामी, निवासी छोटी पहाड़िया और अजीत मेहरा, निवासी ग्राम तमचरू, माखननगर शामिल है। इन सभी पर भी अवैध शराब बेचने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत अनुभाग स्तर पर गत दिवस 18 सितम्बर 2025 को वन विभाग के सामान्य वनमंडल नर्मदापुरम अंतर्गत काष्ठागार सोहागपुर के प्रांगण में सांसद दर्शन सिंह चौधरी नर्मदापुरम-नरसिंहपुर, विधायक सोहागपुर ठाकुर विजयपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अश्विनी सरोज मंडल अध्यक्ष नर्मदापुरम, वार्ड पार्षद एवं प्रशासकीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर काष्ठागार सोहागपुर में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें सांसद, विधायक, प्रशासकीय अधिकारियों एवं शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा पौधे लगाये गये। साथ ही सांसद एवं विधायक द्वारा स्कूली बच्चों को ऑक्सीजन एवं पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुये जागरूक किया गया एवं सांसद द्वारा बच्चों को बताया कि जिस प्रकार भाई, बहन से राखी बंधवाते समय बहन की सुरक्षा का वादा करता है उसी प्रकार हमें पौधा लगाते समय जब तक पौधा बड़ा न हो जाये उसकी सुरक्षा का वादा करना चाहिये।

## यातायात दुरस्त करने टीम सक्रिय, 34 आवारा पशुओं को पकड़कर बम्हनगांव गोशाला छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के यातायात में व्यवधान उत्पन्न कर रहे नगर में बेसहारा घूमते हुए पशुओं को आज नगरपालिका के हांका दल द्वारा पकड़कर गोशाला में ले जाकर छोड़ा गया। साथ ही पशु पालकों को समझाइश दी गई। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जा रहा है।



बुधवार और गुरूवार को रसूलिया क्षेत्र से फौजदार पेट्रोल पंप, भोपाल तिराहे, गीता भवन के सामने से रोड पर बैठे आवारा 34 सांडों को पकड़कर बम्हनगांव की गोशाला में छोड़ा गया। इस कार्रवाई में हांका दल के गगन सोनी के साथ रविंद्र ठाकुर, दिलीप कहार, तरूण शुक्ला, प्रेम लश्करी, मोहन कहार, संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मवेशी को बचाने अनियंत्रित हुआ गुजरात जा रहा ट्रक, वाहन में लदी बोरियों में 56 बोरी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर बुधवाड़ा के पास मवेशी को बचाने में ट्रक असंतुलित होकर पलटी खा गया। ट्रक चावल की बोरिया से भरा था। हादसे से एक बिजली का खंबा तिरछा हो गया। विष्णु अहिरवार के घर की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक से 56 बोरी चावल की चोरी हो गई। हादसा 17-18 सितम्बर की दरमियानी रात डेढ़ बजे हुआ। मामले में गुरुवार देर रात को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। एक दिन पहले बुधवार को विष्णु अहिरवार ने भी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कराया है।जानकारी के मुताबिक ट्रक में चावल पिपरिया से गुजरात के लिए भरा था। बुधवार रात 12 बजे ट्रक पिपरिया से गुजरात के लिए रवाना हुआ। रास्ते में नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे पर बुधवाड़ा के पास एक मवेशी सड़क पर आ गया। जिसे बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लगाया। ट्रक असंतुलित होकर पलटी खा गया। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। लेकिन इस बीच ट्रक में अंदर रखी चावल से भरी बोरियां भी बाहर आ गई।

### 56 बोरी चावल हुए चोरी

माखननगर थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया फरियादी अंकित भावसार का कहना है कि जब चावल से भरी बोरियों की गिनती की तो 56 बोरी कम निकली। हादसा रात के समय हुआ था तो चावल की बोरियां किसने ले गया। इसे कोई देख नहीं पाया। अज्ञात आरोपी के खिलाफ चावल चोरी का केस दर्ज किया है। जिसकी कीमत 90हजार रुपए है।

## नर्मदा अपना अस्पताल ने सिवनी मालवा में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 मरीज हुए लाभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त, स्वास्थ्य के सभी आयामो पर पूरे देश भर में कार्य कर रही है। इसी क्रम में नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सिवनी मालवा के सरकारी अस्पताल में किया गया। शिविर में नर्मदा ट्रॉमा सेंटर भोपाल के सुप्रसिद्ध मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ अनुव्रत भटनागर ,नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम के जनरल सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ रघुवंशी , महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी , हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ रवि चढ़ार ने मरीजों को परामर्श दिया।



युवाओं में हृदय रोग, ब्लड प्रेशर , शुगर सहित अनेक रोग तेज़ गति से बढ़ रहे है , जीवनशैली व दवाओं से कैसे इनका निदान किया जा सके विषय पर डॉ अनुव्रत भटनागर ने आमजन को सलाह दी। महिलाओं में होने वाले विभिन्न रोगों जैसे अनियमित माहवारी, बार बार गर्भपात की समस्या, बच्चे होने में परेशानी होना, आदि अनेक रोगों के निदान हेतु महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी ने महिलाओं को परामर्श दिया। हर्निया, ह्यड्रोसिल, अपेंडिक्स एवं पेट से जुड़े रोगों के विषय मे सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ सौरभ रघुवंशी ने लोगों को परामर्श दिया। हड्डी एवं जोड़ रोगों, रीढ़ की हड्डी के रोग, घुटने एवं कूल्हे के दर्द व रोगों से जूझ रहे आमजन को ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ रवि चढ़ार ने सलाह दी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जीतू पटवारी का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवा कांग्रेस द्वारा इटारसी मे आयोजित किसान न्याय यात्रा मे शामिल होने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का नर्मदा ब्रिज पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा जी, मानक अग्रवाल और सुकदेव पाँसे उनके साथ उपस्तिथ रहे। स्वागत कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव फैज़ान उल हक़, प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा, आयुषमान अवस्थी, रिज़वान खान, ललित मौर्य, मोहम्मद आमिर, सिराज खान, शिवम साहू, हाशीम खान, हलीम खान, मोहित रैकवार , ओवेश, साहिल, आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियानः विंध्यवासिनी स्कूल के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार स्वच्छता सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम निरंतर होंगे। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के तत्वाधान में जन जागरूकता अभियान ओम सई विजन भोपाल द्वारा विंध्यवासिनी हॉयर सेकेंडरी स्कूल मालाखेड़ी में गुरूवार को सभी बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अपने घर गली मोहल्ले वार्ड शहर को



स्वच्छ बनाने हेतु कचरा कचरा गाड़ी में अलग-अलग डालने , सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, सार्वजनिक क्षेत्र को साफ स्वच्छ बनाए रखना की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सभी 33 वार्डों में श्रमदान का कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि वार्ड वासी एवं स्वयंसेवी संस्थान द्वारा स्वच्छता में लगे कर्मचारियों को सम्मान भी वार्डवासी द्वारा किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा सभी शहरवासियों से अपील की है कि अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान करके शहर को नंबर वन बनाने में मदद करें।

## खाद की कालाबाजारी को रोकने उर्वरक दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया के निर्देश पर तहसीलदार वैभव बैरागी ने खाद की कालाबाजारी के रोकथाम हेतु पिपरिया विकासखंड के निजी उर्वरक दुकानो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साड़िया रोड स्थित एग्रो सर्विस सेंटर एवं अतुल ट्रेडर की प्रतिष्ठान पर तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पिपरिया रेणुका कीर एवं कृषि विभाग टीम द्वारा संयुक्त रूप निरीक्षण किया गया एवं समस्त कृषक बन्धुओं एवं नागरिको से अपील कि की खाद की कालाबाज़ारी आदि के सम्वन्ध मे किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल कृषि विभाग एवं प्रशासन को सूचना प्रदान करें।

### श्री रामलीला महोत्सव शुरू, कलाकार दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

## मंचनः एक ही बाण से प्रभु श्रीराम ने किया ताड़का का वध चरण के स्पर्श शिला बनी नारी, अहिल्या का हुआ उद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेठानी घाट पर जारी श्री रामलीला महोत्सव में में दिखाया गया कि मुनि विश्वामित्र वन में राक्षसों के आतंक की चिंता लिए राजा दशरथ के पास पहुंचते हैं, राजा दशरथ उनका स्वागत करके चारों पुत्रों से मुनि के चरण स्पर्श करने को कहते हैं, राजा दशरथ मुनि विश्वामित्र के आगमन का कारण पूछते हैं तो मुनि विश्वामित्र कहते हैं कि राजन असुर समूह मुझे बहुत सताते हैं , राक्षसों से रक्षा करने के लिए उन्हें पुत्र लक्ष्मण सहित श्री रघुनाथ जी चाहिए जिससे वह राक्षसों का संहार करा सके और ऋषि मुनि सुरक्षित हों सके , विश्वामित्र जी की बातों को सुनकर राजा दशरथ



व्याकुल हो जाते हैं और अनुरोध करते हैं कि श्री राम ,उनको बहुत अधिक प्रिय हैं मैं कैसे दे दूं यह किशोर बालक राक्षसों को कैसे वध करेंगे तब राजगुरु वशिष्ठ राजा दशरथ को समझते हैं और उनके मन का संशय दूर करते हैं तब राजा दशरथ आशीर्वाद देकर श्री राम लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र को सौंप देते हैं मुनि विश्वामित्र के साथ श्री राम लक्ष्मण वन की ओर प्रस्थान करते हैं वन में जाते हुए ताड़का नाम की राक्षसी को एक ही बाण से मारकर उसका वध कर देते हैं फिर मारीच को अपने बाण से सौ योजन दूर फेंक कर अग्निबाण से सुबाहु को भस्म करते हैं तत्पश्चात भगवान राम ने अहिल्या का उद्धार की जीवंत झांकी को प्रस्तुति की ।

आज की लीला में रंगमंच के कलाकार शिवांशु मिश्रा ने ताड़का , पं. अजय परसाई ने विश्वामित्र , सुभाष परसाई ने दशरथ , प्रतीक दुबे ने श्रीराम , अक्षय मिश्रा ने लक्ष्मण , विनोद परसाई ने वशिष्ठ , दीपेश व्यास ने मारीच , अरुण तिवारी ने बेसहूर , मनोज दुबे ने झींझाध्याक्ष , राक्षस, दीपक साहू ने सुबाहु की ,गोपाल शुक्ला ने सेनानायक , सहज दुबे ने अहिल्या की भूमिका निभाई आज को नगर दर्शन, पुष्वाटिका की संगीतमय लीला का मंचन होगा ।

## ग्राम घाटली में महिलाओं का कराया गया स्वास्थ परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत शुक्रवार 19 सितम्बर को बहुदेशीय प्राथमिक सहकारी समिति बीपेक्स घाटली द्वारा महिलाओ का स्वास्थ परीक्षण कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं एवं बच्चों की ब्लड प्रेशर (बी.पी.), डायबिटीज़ बीमारियों की जांच की गई। आँगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा स्वास्थ्य शिविर में शिक्षा के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, बच्चों के लिए टीकाकरण आदि जागरूकता को बढ़ावा दिया गया। साथ ही टीवी में यूट्यूब के माध्यम से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की विडियो दिखाई गई। शिविर में समिति प्रबंधक प्राची मेहरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उचित मूल्य राशन विक्रेता सोनम पटेल, समिति ऑपरेटर नरेश चौहान एवं लोहारिया ग्राम की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### नगर परिषद बैतूल बाजार में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत

**बैतूल।** नगर परिषद बैतूलबाज़ार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 2025 की शुरुआत प्राथमिक चिकित्सालय कैलाश वार्ड परिसर से की गई। इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारियों एवं आमजन के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफदृसफाई की गई तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने स्वच्छता बनाए रखने एवं वृक्षों की देखभाल करने का संकल्प लिया। नगर परिषद द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एवं आगे भी अपने घर.आंगनए गली.मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शिविर का आयोजन

**शाहपुर।** शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी सभी जांच एवं महिलाओं को इन स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो और स्वास्थ्य संबंधी सभी मानक का निर्धारण करने हेतु जानकारी इस स्वास्थ्य शिविर में उपलब्ध कराई इस शिविर का आयोजन 20 सितंबर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में किया जाएगा। शासन के द्वारा चलाई जा रही इस योजना का महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके ।इसलिए शासन के द्वारा महिलाओं से अपेक्षा की गई है। कि अधिक से अधिक इस शिविर में पहुंचे। एवं इस शिविर में उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### सेवा-पखवाडा प्रबुद्ध जन संवाद आज

**बैतूल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टुबर तक सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। सेवा पखवाडे के अंतर्गत अनेक प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके तहत आज शनिवार को प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि सेवा पखवाडे के तहत जिले भर के समस्त मंडलो में सेवा कार्य किए जा रहे है। इसी कडी में आज जिले के प्रबुद्ध जनो के साथ संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केन्द्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके अपना संबोधन देगें एवं जिले भर से आने वाले प्रबुद्ध जनो को संबोधित करेगें। जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने जिले के समस्त प्रबुद्ध जनो से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### नशे से आर्थिक और शरीर का नाश होता है

**बैतूल।** नशा परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति में बाधक होता है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई के द्वारा तम्बाकू निषेध अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में पूर्व जिला संगठक डॉक्टर सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉणसुखदेव डोंगरे ने कहा कि तम्बाकू खाने से कैंसर हो सकता है और किडनीएफेफड़े आदि खराब होते हैं इसलिए हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी प्रोण्शंकर सातनकर ने बताया कि तम्बाकू खाना सेहत के लिए हानिकारक होता है इसलिए हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। जिला संगठक डॉणगोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि नशे से शरीर और आर्थिक नुकसान दोनो होते हैं इसलिए हमें इससे बचना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक अंजली नगोरे, दलनायक आयुष नागोरे, खुशी पारखे आदि रहे मौजूद।

## अचानक हुई बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ी, तीन दिन बारिश के आसार

# एक घंटे की झमाझम बारिश से बैतूल तरबतर, सड़कें लबालब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में जून से शुरू हुई बारिश का दौर अब खत्म होने को है। लेकिन उससे पहले मानसून ने एक बार फिर जोरदार वापसी की है। बैतूल में शुक्रवार दोपहर मूसलाधार ने शहर की सडक़ों को तालाब बना दिया और जनजीवन अस्त.व्यस्त कर दिया।

दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुआ बारिश का दौर एक घंटे लगातार जारी रहा। इस दौरान करीब मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश इतनी तेज थी कि महज एक घंटे में शहर की सडक़ें तालाब बन गई। जगह.जगह पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन मार्ग पर करीब आधा फीट तक पानी जमा हो गया था। वहीं गंज क्षेत्र में सडक़ निर्माण के चलते गड्ढों में पानी भर गया थाए जिससे मुख्य मार्गों पर यातायात अव्यवस्थित हो गया। लोग जहां.तहां बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। खासकर व्यस्त बाजार क्षेत्रों में कीचड़ और गड्ढों के कारण आमजन को परेशानी उठानी पड़ीं। बारिश के चलते लोगों को उमस और गर्मी से भी राहत मिली है। दिन का अधिकतम तापमान घटकर 28ण्8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21ण्7 डिग्री दर्ज किया गया।

### जिलेभर में बारिश की स्थिति

जिले में इस साल की बारिश का आंकड़ा पिछले साल से कुछ पीछे है। इस साल अभी तक 927ण्0 मिण्मीण्औसत वर्षा दर्ज की गई हैए जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 960ण्4 मिमीण्औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 19 सितंबर को प्रातरू 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1ण्3 मिण्मीण्औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं जिले के ब्लॉकवार आंकड़े देखें तो सबसे कम बारिश बैतूल ब्लॉक में 638ण्4 मिमी दर्ज की गई है। घोड़ाडोंगरी में 1140ण्0ए चिचोली में 1030ण्9ए शाहपुर में 921ण्6ए मुलताई में 938ण्5ए प्रभातपट्टन 873ण्4ए आमला में 750ण्0ए भैंसदेही 883ण्2ए आठनेर में 702ण्0 मिमीए भीमपुर में 1394ण्0 बारिश दर्ज की गई है सबसे अधिक वर्षा भीमपुर ब्लॉक में दर्ज की गईए जो पिछले वर्ष से भी ज्यादा है। इसके बाद घोड़ाडोंगरीए चिचोली और शाहपुर में बारिश बेहतर स्थिति में हैं।

### धीरे.धीरे होगी मानसून की विदाई

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले दो से तीन दिन तक जिले में बारिश जारी रहेगी। इसके बाद धीरे.धीरे मानसून विदाई की ओर बढ़ेगा। अचानक हुई जोरदार बारिश से जहां किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैंए वहीं शहरी क्षेत्रों में जलभराव और आवागमन की समस्या ने परेशानी बढ़ा दी है। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश की वजह से खेतों में लगी किसानों की सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक अनुसार बारिश के बाद सोयाबीनए मक्का की फसलें प्रभावित हुई है। कई किसानों के खेतों में पानी जमा होने से समस्या आ रही है। पानी निकासी नहीं होने से पौधे का विकास नहीं हो पाया है। तापमान बढऩे से भी फसलों को नुकसान हो रहा है।

### औसत बारिश का कोटा पूरा नहीं

मानसून को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं लेकिन इस बार मानसून की बेरुखी के कारण जिले की औसत बारिश का कोटा भी पूरा नहीं हुआ है। जिले की औसत वर्षा 1083ण्9 मिमी यानि करीब 43 इंच हैए जबकि अभी तक जिले में मात्र ण है तथा जिले में अभी तक 927ण्0 मिमी औसत बारिश यानि 37 इंच ही बारिश हो पाई है। बारिश का कोटा पूरा होने के लिए अभी भी 6 इंच बारिश की दरकार है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया जिले में मानसून सितंबर तक एक्टिव रहता है। जिले में बारिश का आंकड़ा औसत से थोड़ा पीछे है। उम्मीद है कि जितने दिन बारिश के शेष हैए उसमें अच्छी बारिश होती है तो औसत तक बारिश पहुंच जायेगी।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

# कठपुतली का प्रदर्शन कर दिया स्वच्छता का संदेश



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक और कठपुतली शो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्यए नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि सारनी के शॉपिंग सेंटरए बाजार चौकए जय स्तंभ चौक समेत अन्य स्थानों पर कठपुतली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह पाथाखेड़ाए शोभापुर कॉलोनीए बगडोना समेत अन्य क्षेत्रों में भी कार्यक्रमों के आयोजन हुए। स्कूलों में भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग ना करनेए अपने घरोंए कार्यस्थलए नगरए को साफ.सुथरा रखने का संकल्प दिलाया गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों को श्रमदान के माध्यम से साफ करनेए सामाजिकए धार्मिकए शैक्षणिकए सार्वजनिक स्थानों को साफ.सुथरा रखे जाने का संकल्प दिलाया गया। अभियान के तहत आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत निबंध व कला के होनहारों का सम्मान



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विजेताओं को प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि ललित कुमारए एपीएम डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा क्षेत्र ने विजेताओं को सम्मानित किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। ललित कुमार ने स्वच्छता से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालय परिसर एवं समाज में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैए बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व और परिवेश की पहचान भी है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों को इसे आदत के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

# अजाक्स ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से की चर्चा

## समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन




**शाहपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर अजाक्स संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने स्कूल पहुंचकर छात्र.छात्राओं से चर्चा की। उनकी समस्याओं को समझने के बाद अजाक्स संगठन शाहपुर ने तहसीलदार शाहपुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

छात्र.छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण से बरेठा तक लगभग 7ण्10 किलोमीटर पैदल मार्च कर अपनी समस्याएं और मांगें सबके सामने रखीं। इस घटना के बाद अजाक्स जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वेए जिला प्रतिनिधि धनराज परतेए अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार जोठेए तहसील अध्यक्ष दिनेश बारस्करए ब्लॉक सचिव रामदास परतेए अनिल मर्सकोलेए उपाध्यक्ष श्रीमती आशा कावरे सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में छात्रों को मिलने वाला भोजन खराब गुणवत्ता का है। गणवेश का नाप लेकर वितरण नहीं हुआ। बेल्ट और टाई नहीं मिली। पानी शुद्ध नहीं है। पीने के पानी की टंकी की साफ.सफाई नहीं होती। भोजन ठेकेदार नागले द्वारा छात्रों को गाली दी जाती है। भोजन ठेकेदारी व्यवस्था को समाप्त करने की मांग रखी गई। हॉस्टल में पढ़ाई.लिखाई के लिए टेबल.कुर्सियां नहीं हैंए बिजली जाने पर इन्वर्टर की सुविधा नहीं है। बिजली फिटिंग की व्यवस्था भी खराब है। हॉस्टल में पूर्णरूपेण अव्यवस्था हैए बच्चियों को माहवारी में आवश्यक सामग्री समय पर नहीं मिलती। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बालिका जूनियर हॉस्टल में केयर टेकर नहीं है। छात्रों पर राशन की चोरी का झूठा आरोप लगाया जाता है। मेस में नल टूटे हैं। साफ.सफाई नहीं है। शौचालयों में दरवाजों के कुंडी नहीं हैं।



### नपा कर्मचारी का शव संदिग्ध हालात में मिला

**बैतूल।** बैतूल नपा की स्वच्छता संस्था ओम साईं विजन की कचरा गाड़ी पर हेल्पर के रूप में काम करने वाले दीपक पवार का शव शुक्रवार को मिलानपुर रोड पर मिला। वह दो दिन से लापता था। शव पर चेहरेए सीनेए पीठ और गर्दन पर चोट के निशान थे। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। सुबह ग्रामीणों ने सडक़ किनारे शव देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को खबर दी। एडिशनल एसपी कमला जोशी मौके पर पहुंचीं। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्कॉट ने भी जांच की। पुलिस का कहना है कि चोटें किसी नुकीले हथियार से की गई लगती हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद असली कारण साफ होगा। दीपक नगर पालिका की कचरा गाड़ी में हेल्पर था।

## चिचोली में नेशनल हाईवे किनारे मिला रेत का ढेर

# रेत के अवैध भंडारण पर खनिज व राजस्व टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



चिचोली ब्लॉक अंतर्गत चिरापाटला में नेशनल हाईवे के किनारे अवैध रूप से रेत डंप कर भंडारण किए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया।

कलेक्टर बैतूल के स्पष्ट निर्देशों के बाद खनिज विभाग ने राजस्व विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रेत खननए परिवहन और भंडारण की पुष्टि की। मौके पर भारी मात्रा में रेत का ढेर पाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व खनिज अधिकारी वीरेंद्र वसिष्ठ ने कियाए जिनके साथ चिचोली तहसीलदार डाली रैकवारए पटवारी और खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर मौके पर पंचनामा तैयार किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने रेत के ढेर की मापजोख करवाई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह रेत पास के किसी नदी क्षेत्र से अवैध खनन कर यहां लाकर डंप की गई थी। गौरतलब रहे कि हरिभूमि समाचार पत्र में विगत 16 सितंबर के अंक में इस मामले को प्रमुखता से उठाया गया था। जिसके बाद खनिज विभाग ने यह कार्रवाही की है। खनिज विभाग और राजस्व अमले की इस सख्त कार्यवाही से रेत माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। चिचोली क्षेत्र में यह पहली बार नहीं है जब अवैध रेत खनन और भंडारण की शिकायतें आई होंए लेकिन इस बार कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद ज़मीनी कार्रवाई होते देखी गई। जानकारी के अनुसार जिले में अवैध खननए परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुंचे पूर्व विधायक



**शाहपुर।** एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर के छात्रों की परेशानी एवं प्रशासन के विरोध में जब वह रास्ते पर उत्तर आए और वे सभी छात्र.छात्राएं लगभग 7 किलोमीटर पैदल ग्राम बरेठा के आगे निकल चुके थेए तो इसकी खबर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं को लगीए तो वह छात्र.छात्राओं से मिलने के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर पहुंचे। वहां उन्होंने छात्र.छात्राओं से चर्चा की एवं उनकी परेशानियों को सुना। उनके द्वारा अपनी परेशानियों को बताया गया। पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावीए महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोनिका निरापुरेए महिलाओं को वरिष्ठ नरेंद्र मिश्राए पुष्पा पेंद्रामए आदि कार्यकर्ताओं ने उनकी परेशानी को सुना और चिंतित हुए। उनके द्वारा समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करवाने का आश्वासन छात्र.छात्राओं को दिया गया।

# दो बेटियों ने पिता को मुखाग्नि देकर निभाया बेटे का फर्ज

**सारनी।** सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के आरएओ कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी.2 पद से रिटायर हुए धनेश्वर सिंह पवार की अल्प बीमारी के बाद मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार सारनी के मोक्षधाम में किया गया। यहां उनकी दो बेटियों ने उन्हें मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज निभाया। श्री पवार के कोई बेटा नहीं है। एसबीआई कॉलोनी सारनी एवं मूलतरू बालाघाट



में रहने वाले धनेश्वर पवार कुछ दिनों से बीमार थे। गुरूवार 18 सितंबर को उनकी तबियत अचानक खराब हुई। परिजन उन्हें तत्काल स्थानीय पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अस्पताल लेकर पहुंचेए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार सारनी के पाटाखेड़ा स्थित मोक्षधाम में हुआ। यहां उनकी बेटी रूची पवार एवं प्राची पवार ने पिता को मुखाग्नि दी। दोनों बेटियों का कोई भाई नहीं है।

## रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण उपरांत हस्तकला प्रदर्शनी का भी आयोजन

# सुरक्षित नारी सशक्त समाज विषय पर जागरूकता कार्यशाला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल-शाहपुर

शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में सुरक्षित नारी सशक्त समाज विषय पर जागरूकता कार्यशाला एवं तीस दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम विषय .हस्तकला प्रशिक्षण का आयोजन संयुक्त रूप से महाविद्यालय की महिला अत्याचार एवं उत्पीडऩ निवारण समिति की संयोजक डॉ पूनम देशमुख एवं स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो अजाबराव इवने के द्वारा किया गया।



महाविद्यालय सभागार में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्राओं को महिला सुरक्षाए आत्मरक्षा के महत्व तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजकुमार उईके उपसंचालक लोक अभियोजन जिला न्यायालय बैतुल द्वारा उत्पीडऩ से बचाव के प्रभावी उपायों और वन स्टॉप सेंटर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमति वन्दना शिवहरेए लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानोंए महिलाओं के अधिकारों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई । आमंत्रित अतिथि सहायक लोक अभियोजन अधिकारी श्री अभय सिंह ठाकुर द्वारा न्यायालयीन प्रक्रियाए साक्षी हेल्प डेस्क एवं महिला सुरक्षा कानूनों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य नीतू जायसवाल माहोरे ने कहा कि हमारी छात्राओं को इस महत्वपूर्ण विषय पर शिक्षित करने तथा उनमें आत्मविश्वास जगाने की दिशा में यह एक सशक्त कदम है। छात्र.छात्राओं ने इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाग लेकर ष्नारी सुरक्षा और सशक्त समाजष के निर्माण हेतु जागरूक रहने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने स्वयं अपने हाथों से बनी कलात्मक सामग्री पेपर कार्डए ज्वेलरीए मिट्टी की गणेश प्रतिमा एवं अन्य सजावटी सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई।

# विवाह योजना की राशि और प्रमाण पत्र के लिए परेशान हो रहे दंपत्ति



**शाहपुर।** मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में शामिल हुए नव विवाहित युवक.युवती अपने विवाह प्रमाण पत्र के लिए एवं शासन के द्वारा दिए जाने वाली राशि के चेक के लिए परेशान हो रहे हैं। गांव मूढा एवं पाट से आए युवकए युवती जिनका विवाह मुख्यमंत्री का कन्यादान विवाह योजना में 8 मई को हुआ थाए वह जनपद कार्यालय शाहपुर के चक्कर लगा रहे हैं। विवाह प्रमाण पत्र पाने के लिए सही जानकारी प्राप्त न होने के कारण कभी वह फॉर्म नहीं भर पाए और कभी फॉर्म भरने पर भी उन्हें प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ। जनपद पंचायत शाहपुर के कर्मचारी से जब उन्होंने प्रमाण पत्र की बात पूछी तो उन्होंने कहा कि आपका फॉर्म ही जमा नहीं है। जबकि आवेदक का कहना है कि वह 2 सितंबर को ही फॉर्म भर के जा चुके हैंए पता नहीं उनका फॉर्म कहां गुम हो गया है। जनपद कार्यालय के कर्मचारी भी सीधे गरीब लोगों से बात भी नहीं करते और ना ही उन्हें सही जानकारी बताते हैं। उन्हें भ्रमित करते हैं। गुमराह किया जा रहा है। इस प्रकार मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह में प्राप्त होने वाली राशि एवं प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण वह बार-बार परेशान हो रहे हैं।

## हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा

# कल बंटेंगे हरिभूमि गरबा के फ्री एंट्री और फूड पास, पहले आओ पहले पाओ से होगा वितरण

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में शामिल होना है तो कल रविवार का दिन आपके लिए बहुत खास होने वाला है। हरिभूमि नगरवासियों और गरबा प्रेमियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 100 एंट्री पास एवं 100 फ्री फूड कूपन प्राप्त करने का मौका दे रहा है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी शहर में साल के सबसे बड़े आयोजन, हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में शामिल होना है तो कल रविवार का दिन आपके लिए बहुत खास होने वाला है। हरिभूमि नगरवासियों और गरबा प्रेमियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 100 एंट्री पास एवं 100 फ्री फूड कूपन प्राप्त करने का मौका दे रहा है। जो व्यक्ति 12 बजे के पहले प्रिंस पैराडाइज गार्डन पहुंचेगा, उसे लॉटरी सिस्टम के आधार पर यह 200 फ्री पास बांटे जाएंगे।

### सुनहरा मौका हाथ से न निकल जाए

इटारसी में शक्ति और भक्ति के महापर्व नवरात्रि की धूम अभी से शुरू हो चुकी है, और इस उत्साह को एक नया आयाम देने के लिए हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के एंट्री पास की ग्रैंड लॉन्चिंग रखी गई है।

अगर आप इस शानदार आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं तो रविवार से एंट्री पास का वितरण प्रारंभ हो जाएगा। आप जल्द से जल्दी आपके अपने लिए, परिवार के लिए, मित्रजनों के लिए पास प्राप्त करके रख लें। यह सुनहरा मौका हाथ से जाने न दें। इस वर्ष का आयोजन पूर्णतः प्रीमियम है, निःशुल्क एंट्री नहीं दी जाएगी।

### सिर्फ लॉन्चिंग नहीं ये जश्न है

यह सिर्फ पास लॉन्चिंग नहीं, बल्कि एक जश्न है जो बताता है कि शहर में हरिभूमि गरबा का क्रेज कितना बढ़ चुका है। लाइव डीजे की धुन पर गरबा करने वाले लोगों के लिए यह बेहतरीन मौका है। यह आयोजन एक ऐसा मंच है जहां परिवार के साथ मिलकर लोग अपनी संस्कृति का आनंद उठा सकते हैं। तो देर किस बात की? इस रविवार को प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट पहुँचें और अपनी सीट पक्की करें!

### गौरव की बात है



हरिभूमि गरबा आयोजन नगर के लिए गौरव है। माता आदि शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि में गरबा आयोजन सामूहिक भक्ति का प्रतीक है। देवी अपने भक्तो पर हमेशा कृपा बनाए रखती है और मां की तरह ही हर भक्त का अपने बच्चे के रूप में ख्याल भी रखती है। इस वर्ष हम आयोजन से जुड़े हैं। हमारी ओर से शुभकामनाएं इटारसी वासियों को नवरात्रि की बधाई।

**दशरथ चौधरी, व्यवसायी एवं समाजसेवी**

### गरबा प्रेमियों में उत्साह



हरिभूमि फैमिली गरबा का सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार इतना हो गया है कि लोगों में एंट्री पास प्राप्त करने के लिए होड़ मच गई है। गरबा प्रेमियों का जोश इतना बढ़ गया है कि चाहते हैं आज ही एंट्री पास मिल जाए और हरिभूमि गरबा शुरू हो जाए। हम इटारसी के साल के सबसे बड़े आयोजन में सहयोगी हैं इस बात का हर्ष है। आप सभी से मुलाकात होगी हरिभूमि गरबा में।

**रितिक पंजवानी, युवा व्यवसाई**

### सभी को बधाई



हरिभूमि समूह द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव पारिवारिक एवं पारिवारिक माहौल का गरबा आयोजन है। पिछले तीन वर्षो से लगातार हम इस आयोजन के साक्षी बने है, साथ ही इस वर्ष हम आयोजन के सहयोगी हैं। हरिभूमि गरबा में नागरिकों और गरबा प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए हमारी ओर से हरिभूमि समाचार पत्र को बधाई एवं शुभकामनाएं देते है।

**मनोज बम्हनोटिया, व्यवसायी एवं समाजसेवी**

### एक अलग पहचान



इटारसी में हरिभूमि समाचार पत्र समूह गरबा अपनी विशेष पहचान रखता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम इस आयोजन के सहयोगी रहे है। आयोजक समूह को हमारी ओर से इस वर्ष आयोजन के लिए शुभकामनाएं एवं समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि उत्सव की अग्रिम बधाई। आप सभी के ऊपर मां दुर्गा कृपा बनाए रखे।

**निर्मल सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष नपा परिषद इटारसी**

### आराधना का अवसर



पवित्र पावन नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना और प्रार्थना का एक साधन गरबा नृत्य भी है। जिसमे भक्ति भजनों में झूमकर देवी को प्रसन्न किया जाता है। गरबा नृत्य के जरिए भक्ति की शक्ति का प्रताप देखा जा सकता है। हरिभूमि गरबा आयोजकों को हमारी ओर से शुभकामनाएं।

**मनोहर तिवारी, प्रसिद्ध व्यवसायी एवं सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता**

### माता बहनों को लिए सुरक्षित



हरिभूमि गरबा की पहचान सिर्फ इटारसी तक सीमित नहीं है, पूरे नर्मदापुरम शहर और संपूर्ण नर्मदांचल के गरबा प्रेमी इस आयोजन से परिचित है। आयोजक हरिभूमि समूह गुजरात की ही तर्ज पर पारंपरिक गरबा करवाते है जिसमें माताएं बहनें सुरक्षित माहौल में देवी की आराधना स्वरूप गरबा नृत्य करती है। हमारी ओर से आयोजक समूह को अग्रिम शुभकामनाएं।

**संतोष चौरे, व्यवसायी- कालोनाइजर एवं समाजसेवी**

### इटारसी में जगदम्बा के स्वागत में झूम उठेगा शहर

**इटारसी।** तैयार हो जाइए, क्योंकि इस साल का शारदीय नवरात्रि महोत्सव कुछ खास होने वाला है! अपना उत्सव समिति तीसरी लाइन द्वारा हर साल की तरह इस साल भी, पूरे परिवार के साथ मिलकर एक शानदार उत्सव मनाया जाएगा। यह सिर्फ एक पूजा नहीं, बल्कि इटारसी के लोगों को एकजुट करने और सांस्कृतिक एकता को दर्शाने का एक बड़ा माध्यम है। समिति के सदस्य और कार्यक्रम संयोजक हिमांशु अग्रवाल बाबू ने बताया कि महोत्सव का आगाज़ 22 सितंबर की शाम को होगा। इस दिन, पूरा शहर बैंड-बाजे, आतिशबाजी और गुलाल के रंगों के साथ माता रानी का भव्य स्वागत करेगा। यह नज़ारा इतना अद्भुत होगा कि हर कोई बस देखता रह जाएगा!
इसके बाद, 23 सितंबर से शुरू होंगे एक से बढ़कर एक रंगारंग और मजेदार कार्यक्रम।

# हाईवे किनारे खोदे गड्ढों में गिरकर जान गवां रहे मवेशी

### थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में स्टेट हाईवे क्रमांक 22 की साइड पर किसी बाहरी कंपनी द्वारा व्यवसायिक काम के लिये गड्ढे खोदे जा रहे हैं। लेकिन इन्हें पर्याप्त रूप से सुरक्षित नहीं करने के कारण गौवंश मवेशी गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। मामले में ग्रामीणों ने सोहागपुर थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि अब तक दर्जनों मवेशी गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। मामले में ग्राम किवलारी सहित आसपास के गांव के युवाओं ने गुरुवार रात सोहागपुर थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपकर संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम किवलारी निवासी रामहजूर पटेल के अनुसार आवेदन में उल्लेख है कि सभी ग्रामीण मवेशियों से खेतों की सुरक्षा के लिए रात्रि में पहरा देते हैं।

इस दौरान देखा जा रहा है कि स्टेट हाईवे किनारे एक ढाबे के सामने खोदे गए गड्ढे में गिरकर मवेशी मर रहे हैं या घायल हो रहे हैं। गुरुवार रात छह फीट गहरे गड्ढे में कुछ मवेशी गिर गए। जिन्हें युवाओं ने मुश्किलों से निकाला। ग्रामीणों ने मांग की है कि गड्ढे खोदने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान रामहजूर पटेल, रामकुमार, सचिन, गोविंद, ललित पटेल, कीरत पटेल, राहुल, अभिषेक, रमाकांत, राजा भैया अमन पटेल आदि उपस्थित थे।



### कहां हैं पशु चिकित्सक व सहकर्मी

मामले में क्षेत्रवासियों का कहना है कि नर्मदापुरम कलेक्टर ने सड़कों पर भटकते निराश्रित मवेशियों की सुरक्षा का अभियान चलाया था। सभी ब्लॉक के पशु चिकित्सकों को यह कार्य संपन्न करवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन सोहागपुर ब्लॉक के पशु चिकित्सा विभाग के प्रमुख तथा उनके अधीनस्थ ना तो फील्ड पर दिखते हैं, ना ही वह कार्यालय में बैठते हैं। घर बैठे ही विभाग प्रमुख दायित्वों को निभा रहे हैं।

पशु चिकित्सक व सहकर्मियों के गैर ज़म्मेदार व्यवहार के कारण सैकड़ों मवेशी सोहागपुर क्षेत्र में सड़कों पर भटक रहे हैं। मवेशियों के कारण होती सड़क दुर्घटनाओं में आमजन गंभीर रूप से घायल भी हो रहे हैं। मामले में नागरिकों ने कलेक्टर नर्मदापुरम से मांग की है कि लापरवाह पशु चिकित्सक पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही निष्क्रिय प्रशासनिक मुखिया को भी उनके दायित्वों का बोध कराया जाए।

# जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों का जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव गत दिवस मालवीय गंज इटारसी में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले के आठ स्कूलों के 160 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 19 सांस्कृतिक विधाओं में प्रतिभा दिखाई।

चयनित प्रतिभागी अब विभाग व प्रांत प्रतियोगिता में सहभागी होंगे। जहां से विजयी विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। महोत्सव में विभाग समन्वयक सौरभ उपाध्याय, जिला सह प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी, जिला स्तरीय प्रतियोगिता संयोजक व सोहागपुर प्राचार्य अशोक कुमार दुबे, प्राचार्य रविशंकर यादव, नर्मदाप्रसाद मालवीय, प्रताप सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

### सोहागपुर का श्रेष्ठ प्रदर्शन



सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर के भैया बहनों ने आठ विधाओं में प्रथम एवं चार विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किये हैं।

शिशु वर्ग से साक्षी धानक भजन विधा में प्रथम, रांगोली में देविका पटेल प्रथम, व्यक्तिगत गीत में वैशाली कुशवाह प्रथम, प्रश्न मंच में देवांशी, आरती तथा प्रियांशी द्वितीय, स्वरचित कविता में खुश्बू पटेल प्रथम, निबंध में भारती प्रजापति प्रथम, बाल वर्ग में भजन सृष्टि कुशवाह प्रथम, स्वरचित कविता में गौरी रघुवंशी प्रथम, किशोर वर्ग स्वरचित कविता में महक ठाकुर द्वितीय, निबंध में राजेश्वरी प्रथम, तरुण वर्ग में ऋषिका चौरसिया द्वितीय, रांगोली में महिमा कहार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चयनित बच्चों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस शिक्षा समिति सोहागपुर संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, उपाध्यक्ष राजाभैया पटेल, सचिव देवराज पटैल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन तथा विद्यालय से आचार्यों एवं दीदियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नप ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद सोहागपुर द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गत दिवस जन जागरूकता के लिए प्लास्टिक मुक्त अभियान संचालित किया गया। इस दौरान प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति नागरिकों को जागरूक किया।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हाट बाजार के दिन गुरुवार को शहर के मुख्य बाजार में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत नागरिकों को पॉलिथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की सलाह दी गई। वहीं नागरिकों को बाजार जाते समय घर से ही झोला लेकर जाने की सलाह दी गई।

नागरिकों को पॉलिथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान नगर परिषद के स्वच्छता समन्वयक नीरज मलैया एवं प्रांजुल दीवान उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किया पौधरोपण




माखन नगर। ग्राम पंचायत रजोंन में प्रधानमंत्री मोदी के 75 वे जन्म दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नामअभियान अंतर्गत झीलपुरा प्राथमिक शाला में पौधरोपण किया गया एवं स्कूल और रोड की साफ सफाई की गई जिसमें ग्राम पंचायत सचिव मुकेश पर नामें सहायक सचिव जय सिंह दायमा उप सरपंच दिनेश कीर पंच ललतीबाई कीर शोभा कीर कमल सिंह कीर ग्राम के वरिष्ठ जन में भागचंद कीर रमेश राव भीमराज कीर गोपाल कीर सुरेश कीर घनश्याम कीर विनोद कीर विक्रम कीर सतीश कीर राजेश कीर जितेंद्र एवं स्कूल के छात्र-छात्रा के द्वारा श्रमदान किया गया सरपंच लखन लाल कीर ने ग्राम वासियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि हम ग्राम रजोंन को हमेशा साफ सुथरा और स्वच्छ बनाएंगे ग्राम में कहीं भी गंदगी नहीं होने देंगे।

# 13 वर्षो से सामूहिक रूप से नर्मदा तट पर करते हैं तर्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

अपने पूर्वजों के प्रति आदर औरश्रद्धा का भाव लिए नगर के कुछ युवाओं ने पिछले 13 वर्ष से अपने पितरों का तर्पण मां नर्मदा के तट पर श्राद्ध पक्ष के पूरे 16 दिन तर्पण करने का निश्चय किया था जो अनवरत रूप से जारी है।

पंचायती बड़ा मंदिर के पंडित योगेश शर्मा से वर्षों पूर्व कुछ युवा जाकर मिले और उन्होंने सांगा खेड़ा खुर्द मां नर्मदा के तट पर अपने पितरों के तर्पण करने की इच्छा जाहिर कीपंडित योगेश शर्मा सहर्ष तैयार हो गए, तब श्राद्ध पक्ष में नर्मदा तट पर अपने पितरों का तर्पण करने वाले लोगों की संख्यां केवल दो-तीन हुआ करती थी , समय के साथ अपने माता-पिता पूर्वजों के प्रति लोगों का श्रद्धा भाव बढ़ता गया और श्राद्ध पक्ष मे मां नर्मदा के तट पर पितृ तर्पण करने वालों की संख्या बढ़ने लगी। अब सेमरी हरचंद के साथ-साथ गुलौन-मेघली ,मूढ़ापार बाहरपुर, झालौन जमुनिया समेत क्षेत्र के अधिकांश गांव के ग्राम वासी सामूहिक रूप से मां नर्मदा के तट पर सांगाखेड़ा खेड़ा खुर्द जाकर श्राद्ध पक्ष के पूरे 16 दिन अपने पूर्वजों के प्रति पूर्ण श्रद्धाभाव से पितृ तर्पण करते हैं एवं पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन मां नर्मदा के तट पर ही हवन पूजन इत्यादि करके ब्राह्मण भोज कन्या भोज एवं भंडारा प्रसादी का वितरण करते हैं।

### नर्मदा कॉलेज में जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला आयोजित

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आज जिला स्तरीय रोजगार कैरियर अवसर मेला आयोजित किया गया । विभिन्न प्रकार की लगभग 24 कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए। जिसमें 310 युवाओं के पंजीयन हुए और लगभग 160 विद्यार्थी प्रथम चरण में चयनित हुए। प्राचार्य डॉक्टर आरके चौक से ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कौशल दक्षता और इंटर्नशिप ही छोटे-छोटे जाब के साथ आगे बड़े अवसर बनते हैं। विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ आलोक मित्रा, मेला प्रभारी डॉ राजीव शर्मा ,डॉ नितिन वाघमारे, डॉ मनीष परिहार डॉ मेघा रावत रेनू वर्मा राकेश खापरे नितिन सोनी, राजीव द्विवेदी शाहिद खान का सराहनीय सहयोग रहा।




### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गोदग्राम जावली में हुआ जैविक खेती पर रैली का आयोजन

**माखन नगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बालक व बालिका इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा गोद ग्राम जावली में जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को इसके लाभों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष रैली का आयोजन किया गया। गोदग्राम जावली में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों ने भाग लिया और जैविक खेती के महत्व को समझा साथ ही किसानों के साथ जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें जैविक खेती के लाभ, खेती की विधि, इसकी चुनौतियाँ और सरकार द्वारा दी जा रही सहायता शामिल है। किसानों को परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) और जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। रैली में गोदग्राम जावली के ग्रामीण, किसान, महाविद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## श्री रामलीला महोत्सव का होगा आयोजन

# 22 से शुरू होगा श्रीराम की लीलाओं का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में स्थानीय कलाकारों की मंचन से 135 वर्ष से चल रही रामलीला का मंचन 22 सितंबर सोमवार से गणेश स्थापना एव पूजनके साथ रामलीला का मंचन प्रारंभ होगा।



23 सितंबर मंगलवार को शंकर विवाह नारद मोह, 24 सितंबर बुधवार राम जन्म 25 सितंबर गुरुवार नगर दर्शन पुष्प वाटिका, 26 सितंबर शुक्रवार धनुष यज्ञ लक्ष्मण परशुराम संवाद, 27 सितंबर शनिवार राम विवाह, 28 सितंबर रविवार राम वन गमन, 29 सितंबर सोमवार दशरथ मरण, 30 सितंबर मंगलवार चित्रकूट में भरत मिलाप, 1 अक्टूबर बुधवारको सीता हरण की लीला, 2 अक्टूबर गुरुवार राम सुग्रीव मित्रता, 3 अक्टूबर शुक्रवार लंका दहन, 4 अक्टूबर शनिवार रामेश्वर पूजन, रामसेतु निर्माण, अंगद रावण संवाद,5 अक्टूबर रविवार लक्ष्मण शक्ति, 6 अक्टूबर सोमवार कुंभकरण मेघनाथ वध, 7 अक्टूबर मंगलवार अहिरावण, रावण वध ,8 अक्टूबर बुधवार नंदीग्राम में भारत मिलाप राम राज्याभिषेक की लीला होगी। रामलीला महोत्सव समिति सेमरी हरचंद के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेमरी हरचंद की रामलीला जो कि भारत मिलाप के रामराज्य अभिषेक की लीला के लिए प्रसिद्ध है रामराज्य अभिषेक एवं भरत मिलाप की लीला के उपलक्ष में भजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जावेगा जिसमें प्रदेश के ख्यातिप्राप्त भजन मंडल आमंत्रित होंगे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

E-mail: cmoseonimalwa@mpurban.gov.in कार्यालय दूरभाष 220249-07570, 220250

क्रमांक 1828/रा.न.पा./2025 सिवनी मालवा दिनांक 19/09/25

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा सर्वसाधरण सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा स्वामित्व के नीचे दर्शित क्रमांक 1 से लेकर 4 तक (जिस स्थिति में है उसी स्थिति में) 2 वर्ष 11 माह समय अवधि तक पुनः कार्य संतोष जनक होने पर 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़ते क्रम में पुनः 2 वर्ष 11 माह फिर पुनः 2 वर्ष 11 माह ऐसे कुल 8 वर्ष 11 माह हेतु अस्थाई लीज अवधि हेतु ऑनलाईन निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। जिस पर दिनांक 18/09/2025 से 03/10/2025 तक निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने की स्थिति में संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्र में किसी भी प्रकार की कोई विज्ञप्ति नहीं दी जावेगी।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | स्थल का विवरण / कार्य का विवरण | न्यूनतमदर वार्षिक दर | अमानत राशि | तकनिकी निविदा खोलने की तिथि | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_452481_1 | खेडापति मंदिर के पीछे मांगलिक भवन, पार्किंग, इन्डोर स्टेडियम | 300000/- प्रतिवर्ष | 50000/- | 06/10/2025 | 06/10/2025 |
| 2. | 2025_UAD_452492_1 | श्यामप्रसाद मुखर्जी पार्क में व्यायाम शाला हाल/भवन | 200000/- प्रतिवर्ष | 50000/- | 06/10/2025 | 06/10/2025 |
| 3. | 2025_UAD_452537_1 | हनुमान मंदिर के सामने हरदा नाका काम्पलेक्स प्रथम तल भवन | 100000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 06/10/2025 | 06/10/2025 |
| 4. | 2025_UAD_452545_1 | वीर सावरकर शापिंग काम्पलेक्स हाल | 150000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 06/10/2025 | 06/10/2025 |
| 5. | 2025_UAD_452547_1 | जवाहर शापिंग काम्पलेक्स में स्थित द्वितीय तल भवन | 84000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 06/10/2025 | 06/10/2025 |

नोट :- अन्य जानकारी म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल की बेवसाईट पर एंव विभाग की वेबसाईट www.mpurban.gov.in देखी जा सकती है एवं आवश्यक जानकारी एवं शर्ते नगर पालिका सिवनी मालया की राजस्व शाखा में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

1. ऐसे व्यक्ति जो निकाय सि. मा. के बकायादार है अथवा पूर्व में दुकानों/अन्य संपत्ति / भवन का आवंटन एवं अनुबंध निष्पादन नहीं कराया है उनकी निविदा को निरस्त करने का अधिकार निकाय को रहेगा।
2. निविदा स्वीकृति पश्चात वार्षिक स्वीकृत दर का 20 प्रतिशत एफ.डी.आर / बैंक सॉल्वेंसी / बैंक गारंटी जमा करना अनिवार्य होगा।
3. प्रथम वर्ष में स्वीकृति उपरांत अनुबंध के समय प्राप्त दर की संपूर्ण राशि जमा की जाना अनिवार्य होगा एवं अगामी वर्ष में गाह मार्च में संपूर्ण प्राप्त दर को जमा करना अनिवार्य होगा सर्शत।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा

**खबर संक्षेप**

## न्यायालयीन प्रकरण की पंजी संधारण करने के निर्देश

**सीहोर।** सिविल न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालयो में राज्य शासन के विरुद्ध या राज्य शासन द्वारा सिविलवाद, अपील, पिटीशन, एसएलपी प्रस्तुत की जाती है। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वो अपने कार्यालय में प्रकरणों के संबंध में न्यायालयीन पंजी संधारित की जाये। पंजी के अतिरिक्त प्रकरण से संबंधित नस्ती पृथक से संधारित की जाये। नस्ती मे वादपत्र, आवेदन पत्र, पिटीशन, अपील मेमो की प्रति जवाब दावा, दस्तावेज, निर्णय एवं आदेश की नकल आदि दस्तावेज रखे जाये। उन्होंनें कहा कि कार्यालय मे अभिलेखो के संधारण के लिए एक लिपिक को प्रभार में दिया जाये। जब भी अधिकारी का स्थानांतरण पर कार्यभार ग्रहण करे तो यह पंजी का अवश्य ही अवलोकन करे एवं भविष्य मे स्थानांतरण पर पंजी का प्रभार देकर ही भारमुक्त किया जाये। पंजी एवं नस्तियो के संधारण की जानकारी 30 सितंबर,2025 तक प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि प्रत्येक टीएल बैठक मे समीक्षा की जावे।

## 4 साल के मासूम की घूड़े में गिरने से हुई मौत

**जावर।** जावर तहसील के ग्राम गुराड़िया वर्मा में घुड़े मे गिरने से 4 साल के मासूम उमेश पिता दीपक विश्वकर्मा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा लकड़ी पर झूलते हुवे खेल रहा था और अचानक लकड़ी टूट जाने से घुड़े मे जा गिरा जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई। जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल को जानकारी मिलते ही अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच मृत बच्चे को निकाला। बताया गया कि गड्ढे में बारिश का पानी भी भर गया था। जानकारी अनुसार माता पिता मजदूरी करते थे। जिस समय बच्चा गिरा माता पिता घर के काम मे व्यस्त थे।

## पिछले 24 घंटे में 14.4 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 14.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 6.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 6.2, आष्टा में 21.0, जावर में 65.4, इछावर में 7.0, भैरूंदा में 7.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 2.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।


## नवरात्र को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण


**बुधनी।** नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम डीएस तोमर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ सलकनपुर धाम जाने वाले सड़क का निरीक्षण किया जिससे श्रद्धालुओं को नवरात्रि के दौरान किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के प्रतिनिधियों को सड़क दुरुस्त रखने के निर्देश दिए इस मौके पर एसडीओपी रवि शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एसडीओ नीतू पटेल, शेपर्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर कमल सिंह चौहान शहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भोपाल में अंतिम संस्कार में शामिल होकर इंदौर से लौटकर आ रहे थे गांव

# बस की टक्कर से बाइक सवार परिवार के चार की मौत, सैलानी में साथ अर्थियां उठीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



उज्जैन रोड के पास 17 सितंबर की देर रात हुए हादसे में गोल सैलानी जिला खंडवा के महेंद्र सोलंकी (45), पत्नी जयश्री सोलंकी (40) और बड़ा बेटा जिगर सोलंकी (16) मौके पर मौत; छोटा बेटा तेजस सोलंकी (12) अस्पताल में इलाज के दौरान नहीं बचा, परिजन और गांववासी शोक में डूब गए। इंदौर के उज्जैन रोड पर रिंगनोदिया गांव के पास 17 सितंबर की देर रात हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में खंडवा के गौल सैलानी गांव रहने वाले परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

बाणेश्वरी ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे महेंद्र सोलंकी (45), उनकी पत्नी जयश्री सोलंकी (40) और बड़ा बेटा जिगर सोलंकी (16) घटनास्थल पर ही मृत हो गए। छोटा बेटा तेजस सोलंकी (12) को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। देर शाम परिवार के चारों शव गौल सैलानी गांव पहुंचे। कावेरी नदी के किनारे बने श्मशान घाट पर एक साथ चार अर्थियाँ उठने का दृश्य देखकर वहां जमा लोग स्तब्ध रह गए; कई लोग रो पड़े और सिसकते रहे। श्मशान घाट पर दोनों बेटों के शव माता-पिता के बीच रखकर मुखाग्नि दी गई। पारिवारिक घटनाक्रम के अनुसार महेंद्र का काका परिवार भोपाल में रहता है और उनकी काकी का निधन मंगलवार को हुआ था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए महेंद्र और उनकी पत्नी जयश्री बुधवार को भोपाल गए थे। पूरा परिवार पहले इंदौर में ही रहने वाले बड़े भाई बाबूसिंह के घर गया था; वहां से कार लेकर पति-पत्नी भोपाल के लिए निकल गए जबकि दोनों बेटे बड़े भाई के घर ही ठहरे रहे।

### कार बड़े भाई के घर रखी बाइक से घर लौट रहे थे

अंतिम संस्कार के बाद महेंद्र और जयश्री कार से इंदौर लौटे। उन्होंने कार बड़े भाई के घर पर ही रखी और परिवार के चारों सदस्य एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रिंगनोदिया के पास बाणेश्वरी ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी, जिसके फौरन बाद हादसे की सूचना परिजनों के पास पहुंची। सूचना मिलने से पहले करीब एक घंटे तक परिवार घर नहीं पहुँचा था, तब बड़े भाई की बेटी ने फोन किया और दुर्घटना की जानकारी मिली। परिजन बताते हैं कि बाबूसिंह ने तेज बारिश का हवाला देते हुए महेंद्र को रात में निकलने से रोकने की कोशिश की थी, लेकिन अगले दिन बड़े बेटे जिगर की परीक्षा होने के कारण परिवार रात में ही घर के लिए रवाना हो गया था। महेंद्र सोलंकी इंदौर के तीन इमली इलाके में रहते थे और चाय-नाश्ते का एक स्टार्टअप चला रहे थे। दो साल पहले ही उन्होंने प्लॉट खरीदा था और घर बनाने का काम जारी था, आठ दिन पहले ही मकान की स्लैब ढलवाई गई थी। परिजन बताते हैं कि वे लंबे समय से किराये के मकान में रह रहे थे और नए मकान के गृह प्रवेश का उत्साह था, घर की टाइलें चुनने की योजना बना रहे थे। अचानक हुए इस हादसे से परिवार की खुशियों का सपना टूट गया और ग्रामीण व परिचित शोकाकुल हैं।

## टेमी गांव में भीषण सड़क हादसा : तेज रफ्तार कार ने दो युवकों की ली जान




**खंडवा।** छैगांवमाखन थाना क्षेत्र के टेमी गांव के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर हुई इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित कार पलटकर पास के एक घर में घुस गई, हालांकि घर में कोई मौजूद न होने से बड़ा हादसा टल गया। कार सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब 11 बजे टेमी गांव के मुख्य मार्ग पर हुआ। स्थानीय निवासी राहुल गजानंद खतवासे (22) और उसका दोस्त अन्नू उर्फ अनुराग पिता राजेश (20) सड़क किनारे टहल रहे थे। तभी टेमी से खंडवा की ओर आ रही तेज रफ्तार कार गलत लेन से आई और दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और पलटकर एक घर की दीवार में जा घुसी। हादसे में अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राहुल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक टेमी गांव के ही निवासी थे। राहुल मजदूरी करता था और अनुराग उसका पड़ोसी एवं बचपन का दोस्त था। घटना के बाद आरोपी कार सवार मौके से भाग निकले। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार जब्त कर वाहन का नंबर ट्रेस कर आरोपी चालक और मालिक की पहचान की तलाश शुरू कर दी है।

### लियो क्लब स्पार्कल ने की पहल


## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाया राहत अभियान




**खंडवा।** लियो क्लब खंडवा स्पार्कल की सेवा टीम ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राहत अभियान चलाया है। क्लब द्वारा दवाइयों, कपड़ों, कंबलों, टॉर्च, छातों, स्कूल बैग, स्टेशनरी, घरेलू सामान और मेडिकल किट जैसी आवश्यक सामग्री से भरा एक ट्रक रवाना किया गया। यह ट्रक दो दिन पहले खंडवा रेलवे स्टेशन से पंजाब के लिए रवाना हुआ था। लियो एडवाइजर हर्षा शर्मा ने बताया कि यह सेवा कार्य गेट एरिया वाइस लीडर डॉ. कुलभूषण मित्तल और गवर्नर अनिल खंडेलवाल के निर्देश पर शुरू किया गया। क्लब अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह होरा के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि सेवा ही धर्म है। 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना के साथ जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा रही है और 'ही री१५ी' की अंतरराष्ट्रीय लायन भावना को साकार किया जा रहा है।

क्लब सचिव आकांक्षा जोशी ने बताया कि क्लब के सदस्यों का समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह समाज में मानवता, सहयोग और सेवा का संदेश फैला रहा है। उनका कहना था कि यह प्रयास संकट के समय में एकजुट होकर मदद का उदाहरण प्रस्तुत करता है। अमृतसर में क्लब के सदस्य हन्नान खोकर, अश्विनी चौहान, विकास यादव और उपाध्यक्ष मृदुल जैन ने राजस्थान के श्रीगंगानगर की लियो टीम के साथ मिलकर राहत सामग्री का वितरण किया। टीम ने बाढ़ पीड़ितों तक जरूरी सामग्री पहुंचाई और स्थानीय स्तर पर सेवा कार्यों में भी भागीदारी निभाई।

## राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज ओंकारेश्वर आएंगे



**खंडवा।** प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री वर्मा शाम 6 बजे ओंकारेश्वर आएंगे। यहां उनके रात्रि विश्राम का कार्यक्रम तय किया गया है। मंत्री वर्मा अगले दिन सुबह 9 बजे ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन करेंगे। मंदिर दर्शन के बाद दोपहर 2 बजे वे ओंकारेश्वर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। ओंकारेश्वर में मंत्री वर्मा का यह प्रवास विशेष महत्व रखता है। स्थानीय स्तर पर भी उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। माना जा रहा है कि मंदिर दर्शन के दौरान वे व्यवस्थाओं का अवलोकन भी करेंगे। मंत्री का यह दौरा नर्मदा तट पर बसे धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर के लिए खास माना जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और ज्योतिर्लिंग मंदिर की व्यवस्थाओं पर इस दौरान चर्चा होने की संभावना है।

## कोतवाली से 300 मीटर दूर मंदिर व दुकानों में चोरी सीहोर में तिजोरी तोड़कर नकदी ले गए बदमाश




**सीहोर।** मुख्यालय पर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक साथ कई चोरियों को अंजाम दिया है। शहर के सबसे व्यस्त पुराने बस स्टैंड इलाके में हनुमान मंदिर सहित कई दुकानों के ताले तोड़े गए। यह वारदात कोतवाली थाने से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित 'पुलिस पॉइंट' के पास हुई है।यह घटना बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुई।

चोरों ने हनुमान मंदिर की तिजोरी तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। इसके अलावा, पुराने बस स्टैंड चौराहे पर टेलर और सब्जी की दुकानों समेत कई प्रतिष्ठानों के भी ताले तोड़े गए। इस वारदात ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। कोतवाली के इतने करीब और 24 घंटे चहल-पहल वाले क्षेत्र में हुई इस चोरी ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शहर की एक कॉलोनी में लाखों रुपए की चोरी हुई थी, और ग्राम सिराडी में भी दो मकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इन सभी मामलों में पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

## सत्संग की कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाएगी:अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** समस्या कोई भी आए, किसी को नहीं बताना, सिर्फ शिव के मंदिर जाना, शिव को बेलपत्र, एक लोटा जल चढ़ाकर शिव को बताना और कहना हे भोलेनाथ, मेरे को यह समस्या आई है। समस्या कितनी भी विकट हो, इससे मुक्ति दिलाना। आपकी सारी समस्या का समाधान होगा। शिवकृपा आती है तब हमें जीवन का कोई न कोई सुख प्राप्त होता है। शिव की कृपा उदारता आप और हम पर हुई है। सत्संग की कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सत्संग की पूंजी कभी समाप्त नहीं होगी। अपने जीवन को आनंद से जियो न कि किसी की बुराई करके। कोई कितनी भी गालियां दे, मुंह पर कपड़ा रख चुपचाप निकल जाएं। गालियां देने वाले को कर्म फल मिलेगा। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन पांच दिवसीय शिव महापुराण के दुसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि आगामी दिनों में कुबेरेश्वरधाम पर आध्यात्मिक कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां चल रही है, बताया कि कारिडोर में तुमुरुका शिव महापुराण के कथावाचक हैं, जिन्होंने चंचुला को यह कथा सुनाई थी, उनके बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहाकि व्यक्ति मृत्यु के समय भगवान नाम का उच्चारण करने मात्र से व्यक्ति जन्म मरण के चक्कर से मुक्त हो जाता है। अजामिल ने जीवन भर पाप कर्म किए, लेकिन मरते मरते उसने भगवान का नाम बोला, जिससे उसकी मुक्ति हो गई, इसलिए व्यक्ति को परमात्मा नाम का जप करते रहना चाहिए। ऐसे पापी व्यक्ति केवल भगवान के पवित्र

### ग्रामीणों का आरोप तेज़ रफ़्तार रेत के वाहन से दुर्घटना

## अज्ञात वाहन ने 3 गोवंश को कुचला दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सीहोर-भैरूंदा मार्ग पर गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे गांव छिदगांव मोजी में एक तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीन गोवंश को कुचल दिया। इससे दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुई। ग्रामीणों ने घायल गोवंश का इलाज कराया। ग्रामीणों ने कहा गांव कोई भी गोशाला नहीं है। इस कारण गोवंश सड़क पर बैठ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

छिदगांव मोजी के स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 5 बजे के आस पास सड़क पर बैठीं गायों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय घयल हो गई। मृतक गायों को दफन कर दिया गया। घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गायों का झुंड प्रतिदिन सड़क पर बैठता है, रेत के वाहनों की रफ्तार से आए दिनों गोवंश की मौत हो रही है। जिससे कई बार बाइक सवार गायों से टकरा जाते हैं और लोगों की जान भी जा चुकी है।

उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा गोवंश के संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही, जिससे सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। प्रशासन से मांग है गावों में स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। ताकि गांव के छोटे बच्चे और गोवंश सड़क हादसों का शिकार न हो।

**सड़क पर गौवंश, दुर्घटनाओं का हो रही शिकार, राहगीर भी परेशान :** ग्रामीणों ने बताया वर्तमान समय मे गौवंश सबसे बुरी दशा से होकर गुजर रहा है। भूख के कारण कही भी गाये पालीथिन खाती देखी जा सकती है या चौक चौराहों पर झुंड में देखी जा सकती है। जिससे वाहनों की तेज़ गति से सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हो रही है। वहीं गांवो से भगाया हुआ गौवंश का झुंड सड़को को अपना ठिकाना बनाये हुए है। छिदगांव मोजी में एक महीने में करीबन 25 से 30 गोवंश सड़क दुर्घटना का शिकार हुई हैं।

### 130 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए

# दिव्यांगजनों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में अवसर देने सरकार कर रही काम : नारायण सिंह कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिव्यांगजनों में असीम क्षमता और अद्भुत प्रतिभा होती है। उनकी प्रतिभा, योग्यता को पहचाने, उसे तरासने और अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत होती है। अपनी प्रतिभा के दम पर देश-प्रदेश के कई दिव्यांगजनों ने खेल और कई रचनात्मक गतिविधियों में प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

यह बात प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पूरी संवेदशीलाता के साथ दिव्यांगजनों के कल्याण और उत्थान के लिये निरन्तर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में समान अवसर प्रदान करना सरकार का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। मंत्री कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश 18 वर्ष तक की आयु समस्त बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिये सभी जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 14 नवंबर तक किया जायेगा, तथा दो माह सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। दिव्यांगता का जल्दी पता चलने पर बच्चे के तुरंत समुचित उपचार एवं आवश्यक व्यवस्था की जायेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश में सेवा पखवाड़ा सुरू किया गया है। इस पखवाड़े के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सभी महिलाओं की जांच एवं उपचार निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त भारत और समृद्ध भारत के सपने को साकार करने के लिये सभी को सशक्त बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने 130 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये। इन उपकरणों में व्हील चेयर, बैशाखी, ईयर मशीन, स्टिक आदि शामिल है।

## खाटू श्याम मंदिर में गोविंद नेत्रालय ने लगाया निशुल्क नेत्र शिविर



**सीहोर।** गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर की ओर से खाटू श्याम मंदिर, सीहोर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मंघानी द्वारा किया गया। शिविर में दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं और मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। कई मरीजों को आंखों की दवाइयाँ वितरित की गईं तथा मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों के बारे में आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया। गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर की पूरी टीम ने मिलकर सेवाभाव से भागवत भक्तों की देखभाल की। डॉ. मंघानी ने कहा कि ग्रामीण और धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। यह शिविर न केवल मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ बल्कि इसमें सेवाभाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सुंदर संदेश मिला।